सागर प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
www.bundelihalchal.com
डिजिटल मीडिया पार्टनर बुन्देली halchal.com
#Digital Edition
सागर, रविवार, 18 जनवरी 2026

## प्रवेश संवाद की खबर का हुआ असर : चार खबरों के बाद कार्रवाई करने पहुंचा प्रशासनिक अमला

# निर्माणाधीन सड़क पर अतिक्रमण में बने मकान को गिराने पहुंचा प्रशासन

## मकान की नींव हिला कर वापिस लौटा प्रशासन

## कार्रवाई के बीच में मकान मालिक को मिला सिविल कोर्ट का स्टे








आशु दुबे रहली
93401 61838

रहली चांदपुर चौराहे से बायपास तक निर्माणाधीन सड़क में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बने एक मकान को धाराशायी करने पहुंचे प्रशासन को बीच में ही बेरंग लौटना पड़ा, हालांकि इस दौरान प्रशासन ने अपना काम काम कर दिया मकान की नीव हिलाने में प्रशासन कामयाब रहा। अतिक्रमण चिह्नित कर प्रशासन ने पहले ही मकान मालिक को नोटिस जारी कर दिए थे। मामले में एसडीएम द्वारा दल गठित किया गया था जिसमें नपा, राजस्व, पुलिस, बिजली विभाग को शामिल किया गया था। शनिवार की सुबह तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएमओ, थाना प्रभारी दल बल के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए चांदपुर चौराहा पंहुचा। जहां कार्रवाई शुरू की गई। दो जेसीबी मशीनों से मकान को तोड़ना शुरू किया गया। करीब 2 घंटे चली कार्रवाई के बीच में दोपहर 12:30 पर मकान मालिक अरविंद साहू द्वारा सिविल कोर्ट का स्टे आदेश अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद तहसीलदार द्वारा कार्रवाई को रोक दिया गया और अमले को वापिस बुला लिया। तहसीलदार राजेश पांडे ने बताया की खसरा नंबर 220 में शासकीय सड़क पर एक मकान अतिक्रमण कर शासकीय भूमि में बना था। मकान मालिक को कई बार नपा द्वारा नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। शनिवार की सुबह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासन द्वारा की गई। इसी बीचें कोर्ट का स्टे आदेश आने पर कार्रवाई को रोक दिया गया हैं। आगामी आदेश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नायब तहसीलदार अनिल अहिरवार, सीएम धनंजय गुमास्ता, थाना प्रभारी सुनील शर्मा, उपयंत्री शिवराम साहू,राजस्व निरीक्षक प्रशांत कोरी, नपा आर एस आई महेश ठाकुर, सफाई दरोगा भरत पांडेय, हल्का पटवारी राजेंद्र प्रजापति सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।।

## प्रवेश संवाद में प्रकाशित खबरें


सागर प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
www.bundelihalchal.com
डिजिटल मीडिया पार्टनर
#Digital Edition
सागर, मंगलवार, 06 जनवरी 2026

विवादित जगह पर गुपचुप तरीके से कर दी राजस्व ने पैमाइश, जब किए गए सवाल तो गोल-मोल मिले जवाब

**पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के "ड्रीम प्रोजेक्ट" को धब्बा लगाने में जुटा राजस्व अमला**

न्यायालय से लड़ाई लड़ते हुए नगर पालिका ने जीता था मुकदमा, शासकीय भूमि को राजस्व ने बना दी निजी भूमि

नगर पालिका प्रशासन ने प्रवेश संवाद की खबर के प्रकाशन के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को लिखा पत्र

**शहर की 11 सड़कों में से एक सड़क पर राजनीतिक रसूखदारों, राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अवैध अतिक्रमणकारियों का कब्जा**

आज डंके की चोट पर है, अतिक्रमणकारियों का अवैध कब्जा

**कभी जिस जगह पंप हाउस बनाने के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने लड़ी थी कानूनी लड़ाई, आज वहां रसूखदारों का कब्जा**

अब यहां से सवालों की होती है शुरुआत

सवाल- नं.1 • जब नगर पालिका ने ही इसको सुरक्षित किया था तो आज फिर से अतिक्रमण कैसे?

सवाल- नं.2 • जब रास्ता निर्माण में गरीबों के आशियाने उजाड़ दिए गए तो अमीरों और रसूखदारों पर नप प्रशासन मेहरबान क्यों?

सवाल- नं.3 • जब शासकीय पंप हाउस को अतिक्रमण कर अवैध कब्जा पुनः कर लिया गया तो कानूनी कार्रवाही में देरी क्यों?

**राजस्व और नपा प्रशासन एक अवैध अतिक्रमणकारी की राजनैतिक शक्तियों के आगे नतमस्तक!**

लगातार प्रवेश संवाद दैनिक अखबार में रहली के चांदपुर तिराहे से लेकर पटेल बाबा होते हुए बाईपास तक बनने वाली सीसी सड़क की खबर के संबंध में अवैध अतिक्रमण को लेकर तीन अंक प्रकाशित होने के बावजूद भी प्रशासन अब तक नहीं चेत रहा है। या किसी मजबूरी के कारण सुस्त हो गया है राजनीतिक संरक्षण प्राप्त उक्त अतिक्रमणकर्ता का राजनैतिक प्रभाव इस कदर है कि अतिक्रमण हटाने वाले विभागों में राजस्व एवं नगर पालिका दोनों ही विभागों के अधिकारियों के हाथ पांव फूलने लगते हैं या फिर वे कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं या फिर बात चाय पानी के कारण अटक गई है

### शराब सेवन, महिला शिक्षकों से अभद्रता और रिकॉर्ड गायब होने का मामला उजागर

# शासकीय स्कूल के प्राचार्य पर शराब पीकर उत्पात और वित्तीय अनियमितता के लगे गंभीर आरोप

- शिक्षक ने कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच की मांग

प्रवेश संवाद रहली
9340161838







रहली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय काछी पिपरिया के प्राचार्य विजय राजपूत पर शराब पीकर विद्यालय आने, शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट की कोशिश, जान से मारने की धमकी तथा वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में विद्यालय में पदस्थ शिक्षक ब्रजेश आठ्या ने कलेक्टर सागर को लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता शिक्षक ब्रजेश आठ्या का आरोप है कि 13 जनवरी 2026 को प्राचार्य विजय राजपूत ने उनसे कुछ फर्जी वित्तीय बिलों पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया। जब उन्होंने शासकीय धन के दुरुपयोग का हवाला देते हुए हस्ताक्षर करने से मना किया तो प्राचार्य ने स्टाफ के सामने गंदी गालियां दीं, मारने दौड़े और जान से मारने की धमकी तक दे डाली।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्राचार्य द्वारा विद्यालय में शराब पीकर आना एक आम बात बन चुकी है, जिससे शैक्षणिक माहौल लगातार खराब हो रहा है। न तो वे स्वयं शिक्षण कार्य करते हैं और न ही अन्य शिक्षकों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने देते हैं।

विद्यालय में पदस्थ महिला शिक्षकों के सामने भी अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। शिक्षक ने आशंका जताई है कि उनके खिलाफ षड्यंत्रपूर्वक झूठे आरोप लगाए जा सकते हैं, क्योंकि विद्यालय की अलमारी की चाबी केवल प्राचार्य के पास रहती है और कक्षा 12वीं सत्र 2024-25 की राशि वितरण से संबंधित डायरी व संबल सूची गायब पाई गई है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पूर्व में भी ग्रामवासियों और शिक्षकों द्वारा प्राचार्य के खिलाफ शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन जांच के नाम पर मामले को दबा दिया गया, जिससे उनके हौसले और बढ़ गए।

# भाजपा ने कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाया

- कांग्रेस विधायक के बयान से कांगेस की कुंठित मानसिकता उजागर होती हैं: जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी

प्रवेश संवाद सागर



कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए शर्मनाक बयान पर सागर में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का विरोध प्रदर्शन कर पुतला जलाया। मोतीनगर चौराहे पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से फूल सिंह बरैया को निष्कासन की मांग करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया द्वारा महिलाओं के प्रति जो अशोभनीय बातें कही गई,उससे कांग्रेस पार्टी की कुंठित मानसिकता उजागर होती है।अब यह भी स्पष्ट है कि महिलाओं और अनुसूचित समाज के प्रति दूषित, विकृत और कुंठित मानसिकता सिर्फ बरैया की नहीं,बल्कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली पूरी कांग्रेस की सोच है।अगर कांग्रेस को विधायक बरैया के बयान से आपत्ति होती,तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी,फूल सिंह बरैया के साथ मंच साझा नहीं करते। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनकी मुखिया सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी को शर्म आनी चाहिए जो महिला सम्मान की बातें तो करती हैं,लेकिन अपनी ही पार्टी की महिला विरोधी मानसिकता पर चुप हैं। नारी शक्ति देवी स्वरूपा व पूज्यनीय हैं नारी शक्ति का यह अपमान भारतीय जनता पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

विरोध प्रदर्शन में नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया,जिला मंत्री सुषमा यादव,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तृप्ति बाबूसिंह लोधी, अंत्योदय समिति नगर अध्यक्ष प्रतिभा चौबे,पार्षद याकृति जड़िया,उर्मिला सहारे,संध्या इटोरिया,शारदा कोरी,यश अग्रवाल,अमित बैसखिया,नीरज यादव,देवेंद्र कटारे,अर्पित पांडे, आलोक केसरवानी, बालकिशन सोनी, रितेश तिवारी, रितेश मिश्रा, नितिन सोनी, राहुल वैध,अंशुल हर्षे, अंशुल परिहार, चेतराम अहिरवार, विक्रम केसरवानी, रामेश्वर नेमा, सोनू उपाध्याय, गुड्डा खटीक,सुबोध पाराशर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# बच्ची से रेप के आरोपी को फांसी देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

प्रवेश संवाद खुरई



खुरई में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने एक तीन साल बच्ची से रेप के आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की है। इस संबंध में दोनों संगठनों ने खिमलासा थाना प्रभारी और खुरई तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। यह घटना हाल ही में खिमलासा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी।आजाद समाज पार्टी के खुरई विधानसभा अध्यक्ष सूरज बौद्ध ने बताया कि ज्ञापन में आरोपी को फांसी की सजा के अलावा कई अन्य मांगें भी शामिल हैं। इनमें पीड़ित परिवार को 24 घंटे पुलिस सुरक्षा प्रदान करना, बच्ची के उचित इलाज की व्यवस्था करना और शासन द्वारा उचित मुआवजा दिलाना प्रमुख हैं।

उन्होंने यह भी मांग की कि पीड़ित परिवार को धमकाने वाले दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और अपराधी के घर को प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया जाए। यह ज्ञापन खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल और खुरई तहसीलदार डॉ. राकेश कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में सूरज बौद्ध (आजाद समाज पार्टी खुरई एवं बीना विधानसभा अध्यक्ष), दिनेश अहिरवार (भीम आर्मी खुरई विधानसभा अध्यक्ष), प्रशांत (भीम आर्मी खुरई विधानसभा प्रभारी), गंगाराम अहिरवार (कोषाध्यक्ष), नरेंद्र बौद्ध, ऋतिक, गोपाल राज, भीकम, संजय, राममिलन सहित भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### हत्या के मामले में इंजीनियर समेत 6 आरोपी बरी

# सागर में चौरसिया हत्याकांड के आरोपी को उम्रकैद की सजा

प्रवेश संवाद सागर




सागर शहर के चर्चित चौरसिया हत्याकांड के मामले में मुख्य आरोपी रंजन उर्फ बब्बू राय निवासी पटना बिहार को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा से दंडित किया गया है। सीमेंट व्यापारी और उसकी बेटी का शव कार में मिला था। दोनों को गोली लगी थी, जबकि पीछे की सीट पर व्यापारी की पत्नी बैठी मिली। मामले में सुपारी देकर हत्या कराने की बात सामने आई थी। मृतक से सुसाइड नोट और कुछ डिजिटल साक्ष्य-सबूत मिले थे। मामले में शहर के जाने माने इंजीनियर राजेश मिश्रा समेत 6 आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत सक्सेना की अदालत ने मुख्य आरोपी रंजन राय को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 2000 रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक दीपक जैन ने की।

अभियोजन के अनुसार, 17 जुलाई 2019 को रात करीब 2 बजे आरटीओ कार्यालय के पास सेंट्रो कार में एक महिला और पुरुष को गोली लगने के बाद की गंभीर अवस्था में देखे गए। इसकी सूचना थाना सिविल लाइन पुलिस को दी गई। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो सड़क किनारे खड़ी कार में ड्राइवर सीट पर एक व्यक्ति गोली लगने से बेहोशी की हालत में और उसके बाजू वाली सीट पर एक लड़की मृत अवस्था में मिली। पीछे की सीट पर एक जीवित महिला बैठी थी। पुलिस कर्मियों ने बताया कि यह लोग थाने में पदस्थ राजेश चौरसिया के परिवार के हैं। तत्काल राजेश को बुलाया गया।

उन्होंने बताया कि आहत उसका छोटा भाई ब्रजेश, मृत लड़की भतीजी महिमा और पीछे वाली सीट पर बैठी महिला राधा चौरसिया है। घायल को अस्पताल भेजा गया। डॉक्टर ने ब्रजेश चौरसिया व महिमा चौरसिया को मृत घोषित कर दिया। मामले में मर्ग पंजीबद्ध किया गया। मर्ग जांच के बाद सिविल लाइन थाना में आरोपी रंजन उर्फ बब्बू राय, आशु कुमार सिन्हा, मनोज यादव, सुरेन्द्र कुमार साहू, राजेश मिश्रा, श्याम सुंदर सोनी व अनिल शुक्ला के खिलाफ धारा 302, 306, 107 भादवि और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामला विवेचना में लिया। चालान न्यायालय में पेश किया गया। मुख्य आरोपी रंजन को सजा से दंडित किया गया, बाकी आरोपियों को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त किया है। सुनवाई के दौरान अन्य आरोपियों के वकील ने बचाव में तर्क दिए। इंजीनियर राजेश मिश्रा के वकील का तर्क था कि मृतक ब्रजेश चौरसिया पड़ोसी होने के नाते उनसे मित्रवत व पारिवारिक संबंध थे। दोनों परिवारों के मध्य आना-जाना, मिलना-जुलना, खाना-पीना के रिश्ता था। दोनों परिवारों के मध्य कभी कोई विवाद नहीं था।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शाहवाल के निर्देशन में आईएमए की सराहनीय पहल

# पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए पुलिस लाइन में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**प्रवेश संवाद सागर**

पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन एवं मंशानुरूप पुलिसकर्मियों तथा उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अस्पताल, पुलिस लाइन सागर में एक निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पुलिस सेवा की व्यस्त एवं चुनौतीपूर्ण दिनचर्या के बीच स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर निवारक उपचार सुनिश्चित करना था।

शिविर में लगभग 250 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न चिकित्सीय जांच कराईं। इस दौरान हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य गैर-संक्रामक रोगों के जोखिम कारकों के आकलन पर विशेष ध्यान दिया गया। स्वास्थ्य जांच के अंतर्गत रक्तचाप मापन, रक्त शर्करा जांच, कोलेस्ट्रॉल जांच, विटामिन D3 स्तर का परीक्षण, नेत्र परीक्षण के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया, जिससे समग्र एवं निवारक स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित हो सके।




शिविर का निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप एवं आर.आई. नीतेश वायकर द्वारा किया गया। अधिकारियों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय रही। डॉ. तल्हा साद ने कहा कि पुलिसकर्मी निरंतर कठिन, तनावपूर्ण एवं जिम्मेदार ड्यूटी में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण वे प्रायः न तो स्वयं अपना नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करा पाते हैं और न ही अपने परिवारजनों का रूटीन चेकअप करवा पाते हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है।

डॉ. साद ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समय रहते बीमारियों की पहचान कर उचित उपचार संभव हो सके। उन्होंने पुलिस विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि आईएमए सदैव पुलिस बल के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

शिविर में आईएमए सागर एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिविल सर्जन डॉ. आर.एस. जयंत, डॉ. जी.एस. चौबे, डॉ. राजेंद्र चौदह, डॉ. जितेंद्र सराफ, डॉ. अरुण सराफ, डॉ. अशोक सिंघाई, डॉ. ललिता पाटिल, डॉ. ब्रजेश यादव, डॉ. सुमना ख़ान, डॉ. संदीप गौतम, डॉ. प्रवीण खरे, डॉ. विनयदीप सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा निःस्वार्थ भाव से सेवाएँ प्रदान की गईं। पुलिस बल एवं उनके परिजनों द्वारा इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की गई तथा भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

## खिमलासा में पहली बार युवा एकता क्रांति महासभा का आयोजन

**प्रवेश संवाद सागर.**

रविवार को खिमलासा में पहली बार करणी सेना एवं समस्त हिंदू संगठनों, सर्व समाज द्वारा युवा एकता क्रांति महासभा का आयोजन है स्थान दशहरा मैदान आज सभी ग्राम वासियों एवं दुकानदारों को पीले चावल से कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया एवं अपनी मांगों मैंगो से बना हुआ विवरण पंपलेट दिया और सभी ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों को इस आयोजन में बुलाया गया है यहां बात केबल, गाय, गरीब, किसान, युवा बेरोजगार ओर खिमलासा थाना क्षेत्र में हुई एक 3 साल की बेटी के बलात्कार पर होगी एवं पूरे मध्य प्रदेश से लोग कल पहली बार खिमलासा में सर्व समाज के हिसाब से एकत्र होंगे सभी ग्राम एवं क्षेत्र वासियों को आमंत्रित पत्र दिया बाकी की जो मांगे है जो आपको उचित लगे पंपलेट में से लिख देना जय राम धन्यवाद और न्यूज़ जरूर भेज दिया करें कई बार देखा नहीं पाते जय राम बहुत-बहुत धन्यवाद आभार हमेशा।

## रुद्राक्ष धाम में कथा व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र वितरित



**प्रवेश संवाद सागर.**

सागर कलेक्टर संदीप जी आर,जिला पंचायत सी ई ओ विवेक के वी ओर अपर कलेक्टर अविनाश रावत जी को महापौर संगीता सुशील तिवारी ने रुद्राक्ष धाम प्रांगण में 31 जनवरी, 2026 से 6 फरवरी तक आयोजित राम कथा एवं दक्षिणमुखी हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण पत्र सौंपकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि डॉ सुशील तिवारी, एम आई सी सदस्य विनोद तिवारी, शैलेंद्र ठाकुर, राजकुमार पटेल, संगीता जैन,पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव,सोमेश, पार्षद रूबी पटेल,रिशांक तिवारी,कृष्ण कुमार पटेल उपस्थित थे।

## जैन महिला परिषद के प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**प्रवेश संवाद सागर**

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की आगामी 10 मार्च 2026 को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन को लक्ष्य में रखकर एक बहुत आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया । अधिवेशन की प्रमुख सलाहकार शकुंतला जैन जी एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आशा जैन जी, प्रांतीय सचिव मंजू मगन जी,प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुगंधी जैन जी ने भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया. त्रिशला संभाग की अध्यक्ष आशा सेठ जी ने मंगलाचरण कर बैठक की निवेदन संपन्न होने की कामना की। डॉ आशा जैन जी ने पूरे कार्यक्रम की योजना बताते हुए सभी बहनों से सहयोग करने एवं अधिवेशन को सफल बनाने का आग्रह किया. मंजू मगन जैन जी ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु अनेक समितियों की आवश्यकता के बारे में प्रकाश डाला. अधिवेशन की सलाहकार शकुंतला जैन जी ने सभी बहनों से पूर्ण समर्पण कर्तव्य निष्ठा एवं अनुशासन से कार्यक्रम में सहभागिता का अनुरोध किया। बैठक में क्रमशः यातायात, आवास, रजिस्ट्रेशन किट वितरण, स्वागत, भोजन व्यवस्था, मंच एवं बैठक व्यवस्था, अतिथि सम्मान व्यवस्था, ध्वजारोहण एवं बैनर प्रेजेंटेशन व्यवस्था, एल्बम प्रतियोगिता व्यवस्था सांस्कृतिक व्यवस्था, मंच संचालन व्यवस्था सहित अनेक समितियो का गठन किया गया और संबंधित प्रभारी को उनका कार्य भार सोपा गया ।



बैठक का संचालन विशिष्ट प्रांतीय अधिकारी दीप्ति चंदेरिया ने किया एवं आभार प्रांतीय कोष अध्यक्ष सुगंधी जैन ने व्यक्त किया बैठक को सफल बनाने में ब्राह्मी संभाग अध्यक्ष संध्या रंधेलिया, मीना प्रधान, साक्षी सराफ कल्पना जैन, मीना जैन, पुष्पलता,श्रीमती सविता जैन, वर्षा जैन, ममता जैन, ममता अरविंद जैन, आशा जैन, अंजू गोदरे, सुमन लता जैन, सीमा जैन सुनीता पड़वार, रश्मि आलोक जैन वंदना जैन, रिचा शाह, आरती सवाई, सुनीता अरिहंत, अंजू सेठ सहित अनेक सदस्यों ने अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज कराई।

# फोरलेन सड़कें, बायपास और ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर से बदलेगा क्षेत्र का भविष्य

**प्रवेश संवाद सागर/विदिशा**

केंद्र और राज्य सरकार के विकासोन्मुखी मॉडल को समर्पित करते हुए शनिवार को मध्यप्रदेश में सड़क परिवहन के बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जब केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ओल्ड मंडी ग्राउंड, विदिशा में कुल 4,400 करोड़ से अधिक लागत की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं 3 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव




और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। इस समारोह में जनप्रतिनिधियों सहित नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया भी शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जो नरयावली विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरती हैं, शामिल थीं। राहतगढ़ से बेरखेड़ी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण (10 किमी, लागत 731 करोड़) एवं सागर वेस्टर्न बाईपास (ग्रीनफील्ड-रिंग रोड) का 4-लेन सड़क निर्माण जो पूरा नरयावली विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरेगा साथ ही नरयावली क्षेत्र के भापेल में स्थापित होने वाले ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इन विकास कार्यों के भूमिपूजन में विधायक लारिया की सक्रिय सहभागिता ने क्षेत्र में विकास की गति को समर्पित केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

इस उपलब्धि से नरयावली विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई मिली है जिससे अब नरयावली सहित पूरी जिले का आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा।

विधायक लारिया ने नरयावली विधानसभा को मिली बड़ी सौगात पर केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मार्ग न केवल कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास के द्वार भी खोलेंगे जिससे ग्रामीणों, किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ पहुंचेगा।

इस दौरान विधायक लारिया ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी जी को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.-934, सागर -छतरपुर मार्ग पर स्थित मकरोनिया चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण(2.2 किमी, लागत-155 करोड़), राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 934, सागर- छतरपुर मार्ग पर स्थित मकरोनिया चौराहे से बहरिया तिराहा टाउन पोर्शन में वन टाइम इंप्रूवमेंट का कार्य (5.2 किमी,लागत 12.50 करोड़), राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 934, सागर-छतरपुर मार्ग पर 3 पुराने पुल निर्माण (लागत 22 करोड़) एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर से ढाना तक फोरलेन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कराने हेतु अनुरोध -पत्र सौंपा।

**जिला ग्रामीण कांग्रेस का उपवास कार्यक्रम: भाजपा तो अडानी अंबानी जैसे पूंजी पतियों के लिए काम कर रही है**

# तीन-तीन इंजन वाली सरकारों पर इंदौर में दूषित पानी पीने से हुए मृतकों की हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए: मुहासा

**प्रवेश संवाद सागर**

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल पीने से हुई म्यूट के विरोध में एवं भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से महात्मा गांधी का नाम अलग करने एवं योजना में लोगों को मिले कानूनी अधिकार को समाप्त करने के विरोध में एक दिवसीय धरना का आयोजन आज जिला कांग्रेस कमेटी सागर के तत्वाधान में मकरोनिया में अवंती बाई मूर्ति के समक्ष किया गया।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मुहासा ने कहा कि इंदौर में प्रदेश में और देश में भाजपा का ही शासन है लेकिन इंदौर के भागीरथपुरा के हजारों लोग दूषित पानी पीने से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और लगभग 25 से 30 लोग तो इस पानी को पीकर मर गए तीन-तीन इंजन वाली सरकारों पर इन मृतकों की हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।



श्री मुहासा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आरएसएस के गोडसे ने गांधी की हत्या की थी भाजपा आरएसएस का राजनीतिक संगठन है। महात्मा गांधी के नाम से ही उन्हें तकलीफ है इसलिए मनरेगा जैसी बड़ी योजना से गांधी का नाम अलग कर दिया गया उन्होंने कहा कि भाजपा तो अडानी अंबानी जैसे पूंजी पतियों के लिए काम कर रही है देश के गरीबों और गरीबी से उनका कोई सरोकार नहीं है कांग्रेस सरकार ने देश को देश के लोगों को 100 दिन रोजगार देने का कानून बनाया था किंतु भाजपा ने लोगों से उनका रोजगार प्राप्त करने के कानूनी अधिकार को छीन लिया है कांग्रेस द्वारा लाई गई इस योजना से देश की आधी से अधिक आबादी लाभान्वित हुई थी।

पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी नें कहा कि जो योजना इस देश में मजदूरों और महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए मनरेगा लाई गई थी आज उसे मनरेगा की जमीनी स्थिति यह है कि आज देश की भारतीय जनता पार्टी सरकार मध्य प्रदेश की सरकार जो अपनी मनरेगा के नाम पर नाम बदलकर पीठ थपथापा रही है इसकी जमीनी सच्चाई यह है कि आज सागर जिले के एक ही प्रतिशत को पूरे 5 सालों में मजदूरों को रोजगार ही दे नहीं पाई अपने नाकारापन को छुपाने के लिए भगवान का और महापुरुषों का नाम लेकर उनकी आड़ में राजनीति करना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रेखा चौधरी ने कहा की इंदौर स्मार्ट सिटी के नाम पर दूषित पेयजल पिला रही है और इससे हुई मौतो के लिए भाजपा की प्रदेश सरकार को जिम्मेदारी लेना चाहिए।

जिला कांग्रेस ग्रामीण के महामंत्री (संगठन )आशीष ज्योतिषी नें कहा कि ट्रिपल इंजन की भाजपा की सरकार शुद्ध पानी भी नहीं पिला पाई। यही स्थिति लगभग हर शहर की है। पूर्व सांसद डॉ.आनंद अहिरवार ने इंदौर में हुई घटनाओं के लिए प्रदेश सरकार को दोषी माना।

पूर्व विधायक बंडा तरवर सिंह ने कहा कि देश के श्रमिक लोगों से रोजगार के अधिकार को भाजपा नें छीनकर उनकी पीठ में छुरा भोंका है।

गढ़ाकोटा से पधारे कमलेश साहू ने कहा कि भाजपा आज तक अपने बड़बोले मंत्री विजयवर्गीय को अलग नहीं कर पाई।

इस अवसर पर शैलेंद्र तोमर, देव प्रशांत सिंह ठाकुर, हेमंत लारिया, आर आर पाराशर, श्याम करवरिया पार्षद सीमा चौधरी, कमल चौधरी नें भी उपवास कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उपवास कार्यक्रम का संचालन मकरोनिया ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कुर्मी ने युवा कांग्रेस संदीप चौधरी ने व्यक्त किया।

धरना कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र सुहाने, संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर, अवधेश तोमर,राहुल चौबे, पीयूष अवस्थी, संजय रोहिदास, अरविंद मिश्रा,ब्लॉक अध्यक्ष गण पुष्पेंद्र सिंह कर्रापुर, भूपेन सिंह राजपूत बंडा, यासीन खान, शंकर सिंह बुंदेला, जय हिंद सिंह बुंदेला, रवि उमाहिया, पार्षद अजय अहिरवार, रिचा सिँह,रोशनी वसीम खान, सुरेंद्र सिंह चावड़ा इंद्र भूषण तिवारी, राजा बुंदेलामनोज गुप्ता साहित्य पांडे सुनील चौधरी बी केलरिया प्रेम नारायण अहिरवार अजय बुंदेली ठाकुरदास कोरी,अनुज खटीक एडवोकेट राजेश दुबे दिनेश कराया गिरांश विश्वकर्मा रासबिहारी मिश्रा जितेंद्र मिश्रा मनोज राय,सत्येंद्र मोहन दुबे संजय रोहिदास रोहित वर्मा राहुल अहिरवार महेश सिंह लक्ष्मण सिंह लोधी विक्रम यादव संतोष यादव सत्यम सिंह चौधरी विक्रम सिंह राजा सिंह लोधी महेंद्र सिंह ठाकुर राकेश रजक शिवचरण कुर्मी सत्यम जैन, दिनेश रावत गजराज सिंह महेश सिंह राहुल अहिरवार रोहित वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जनों ने उपवास में भागीदारी की और नेता आत्माओं की शांति की प्रार्थना की।

# स्लीपर यात्री बसों पर सख्त कार्रवाई: 32 बसों की जांच कर 8 पर 55 हजार का जुर्माना लगाया

- आज सभी स्लीपर बसों की अनिवार्य जांच करने के दिए निर्देश

**प्रवेश संवाद सागर**

परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर एवं कलेक्टर, सागर द्वारा स्लीपर यात्री बसों, स्कूल बसों एवं अवैध रूप से संचालित वाहनों की सघन जांच के निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर द्वारा शुक्रवार 17 जनवरी 2026 को मुख्य बस स्टैंड, नरसिंहपुर रोड एवं भोपाल रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 32 स्लीपर यात्री बसों एवं अन्य वाहनों की जांच की गई।



जांच के दौरान 8 स्लीपर यात्री बसों में गंभीर सुरक्षा खामियां पाई गईं। इनमें अग्निशमन यंत्र निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थे, कुछ बसों में निर्गम (एग्जिट) की व्यवस्था सही नहीं पाई गई, स्लीपर बर्थ पर स्लाइडर लगे हुए थे तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपायों का भी अभाव था। इन सभी कमियों को गंभीर मानते हुए संबंधित बस संचालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 55 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि स्लीपर कोच बसों के लिए एआईएस-119 के प्रावधानों का पालन अनिवार्य है। इसी क्रम में जिले की समस्त स्लीपर यात्री बसों को दिनांक 18 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, सागर परिसर में जांच हेतु खड़ा करने के निर्देश जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन को दिए गए हैं। जांच उपरांत केवल उन्हीं बसों को संचालन की अनुमति दी जाएगी, जिनमें निर्धारित मानकों के अनुसार पृथक आगम-निर्गम द्वार, चार इमरजेंसी एग्जिट, 10-10 किलोग्राम के दो अग्निशमन यंत्र, ड्राइवर पार्टीशन डोर का अभाव तथा स्लीपर बर्थ पर स्लाइडर न होने जैसी सभी शर्तें पूर्ण होंगी।

परिवहन विभाग ने सभी स्लीपर बस संचालकों से अपील की है कि वे यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक पूर्तियां पूर्ण कर ही बसों का संचालन करें। भविष्य में जांच के दौरान यदि किसी भी प्रकार की कमी पाई गई तो मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बीना में हनुमान चित्र वाली पतंग पर विरोध: भाजपा सरकार की मानसिकता की निंदा



- युकां ने की हनुमान मंदिर में सद्बुद्धि सभा

**प्रवेश संवाद बीना.**

खुरई में युवा कांग्रेस ने हनुमान मंदिर में भाजपा सरकार की मानसिकता की निंदा करते हुए शनिवार को सद्बुद्धि सभा का आयोजन किया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अहमदाबाद में हनुमान जी के छायाचित्र वाली पतंग उड़ाने के विरोध में किया गया, जिससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत होने का आरोप है।

सागर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप चौधरी की अगुवाई में और खुरई विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अमन लोधी की मुख्य उपस्थिति में यह सभा खुरई के पुराने हनुमान मंदिर में आयोजित की गई। संदीप चौधरी ने बताया कि युवा कांग्रेस प्रधानमंत्री द्वारा हनुमान जी की छायाचित्र वाली पतंग उड़ाने की कड़ी निंदा करती है।

युवा कांग्रेस ने घोषणा की कि आगामी दिनों में सागर जिले की विभिन्न विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी की कथित हिंदू विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आंदोलन किए जाएंगे।

इस सद्बुद्धि सभा में जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस संदीप चौधरी, खुरई विधानसभा अध्यक्ष अमन लोधी, अंशुल परिहार, लक्ष्मीकांत ताम्रकार आशु भाईजान, प्राण सिंह लोधी, मुकेश लोधी, अखंड प्रताप सिंह लोधी, छोटू लोधी, गणेश मेसन, विजय रजक, सेवा दल नगर अध्यक्ष संदीप राजपूत, जितेंद्र सिंह गढ़ौला सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मारी, दो घायल

**प्रवेश संवाद खुरई.**

खुरई के जगदीशपुरा बायपास चौराहा पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार दोनों व्यक्ति घायल हो गए। टक्कर के बाद कार चालक बाइक को करीब 200 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया और फिर मौके से नंबर प्लेट निकालकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, बाइक क्रमांक एमपी 15 जेडबी 0814 पर सवार जागेश्वर अहिरवार (25) निवासी गर्मिरिया बुजुर्ग और ब्रजेश अहिरवार (27) निवासी खुरई बायपास से गुजर रहे थे। इसी दौरान सागर से बीना की ओर जा रही एक अज्ञात कार ने तेज और लापरवाही से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक कार में फंस गई। घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जागेश्वर अहिरवार को जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया।

ब्रजेश अहिरवार का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शी शुभम सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मारी थी। घटना के बाद कार चालक ने अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट निकालकर मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विट्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिली रोड सागर से प्रकाशित। मो. नं. 9926459376
प्रबंध संपादक : अभिषेक पुरोहित, स्थानीय संपादक : शुभम श्रीवास्तवः आर.एन.आई. नंबरः MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।



प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
#Digital Edition
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com
सागर, रविवार, 18 जनवरी 2026


## खेलो एमपी यूथ गेम्स : खिलाड़ियों का नहीं मिला भोजन, यात्रा भत्ता भी नहीं दिया

# खेल भी खा गए अधिकारी...

## छतरपुर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेंद्र कोस्टा पर गंभीर आरोप




अतुल जैन आदित्य छतरपुर
9713684113


न पानी न बैठने की व्यवस्था, धूप में बैठकर भोजन किया

**मध्यप्रदेश में अब तक खनन, राजस्व, छात्रवृत्ति, जल जमीन सहित तमाम घोटाले सामने आएं है लेकिन अब अधिकारी खेलों में भी घोटाले करने लगे हैं...** ताजा मामला मध्यप्रदेश में हो रहे खेलो एमपी गेम्स का है इसके लिए तकरीबन 50 करोड़ से ज्यादा की राशि प्रदेश में स्वीकृत की गई है। छतरपुर को भी अच्छी राशि खेल के लिए मिली है इसके तहत हर ब्लॉक लेबल पर खेल का आयोजन प्रतिभाओं को बढ़ाने किया जा रहा है मगर भ्रष्ट  अधिकारी इन खेल की व्यवस्थाओं पर खर्च होने वाली राशि खुद डकार रहे हैं और खिलाड़ियों को भोजन पानी तक नहीं दे रहे हैं।



बच्चे खुद अपना खाना घर से लेकर खेलने आए थे...

## छतरपुर में आयोजित हो रहे खेल

छतरपुर में तीन दिवसीय खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत छतरपुर जिले के आठ विकास खंडों से आए बच्चों द्वारा यूथ गेम्स करवाए जा रहे है। जिसके तहत मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 5 लाख का बजट जारी किया गया है। इस राशि से 21 खेल आयोजित होंगे यानी प्रति खेल के हिसाब से 18 हजार रुपए का बजट है मगर विकासखंड स्तर पर सिर्फ एक खेल पर 7000 रुपए दिए जा रहे है।  21 खेल के लिए 18000 पर खेल का आया है और 21 खेल का पूरा बजट 378000 आया है और पर विकासखंड पर 7000 हजार आया है और 8 विकासखंड के हिसाब से 56000 अलग से आया है और छतरपुर विकासखंड का 15000 वो भी खा गए है टोटल 449000 पूरा बजट आया है।

**खिलाड़ियों को भोजन तक नहीं दिया :** खेल में शामिल बच्चों के लिए खाने-पीने की सारी व्यवस्थाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी जिला खेल प्रभारी की है मगर इसके बावजूद भी छतरपुर क्रीड़ा अधिकारी राजेंद्र कोस्टा द्वारा इसकी व्यवस्था नहीं की गई। उन्हें पानी की व्यवस्था और ना ही खाने की व्यवस्था की जा रही है बच्चे खुद अपना खाना पानी घर से लेकर खेल खेलने आएं थे। उन्हें बैठने तक के लिए छाया का इंतजाम नहीं था।

## मेंटर और खिलाड़ी बोले - खराब व्यवस्था



प्रवेश संवाद से बात करते हुए रोहित पटेल मेंटर ने बताया कि यहां खिलाड़ियों को खाने पीने की कोई सामाग्री नहीं मिली। न ही कोई बैठने की व्यवस्था की गई ऐसे में खिलाड़ी बीमार हो सकते है। बजट को ठिकाने लगाया जा रहा है। वही बच्चों ने बताया कि उन्हें किसी तरह का यात्रा भाड़ा नहीं मिला अपने पैसे से वे खेलने आए है।  वहीं इस मामले में जिला खेल प्रभारी राजेंद्र कोस्टा से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की गई मगर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### एफआईआर में देरी के आरोप, सिविल अस्पताल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने का प्रयास

# बड़ामलहरा में भजन के दौरान विवाद, वृद्ध की मौत से हंगामा

**परिजनों का आरोप**
**मारपीट से मौत**

**पुलिस का दावा**
**हार्ट अटैक से गई जान**

**राकेश सिंह बड़ामलहरा**

गांव में चल रहे भजन के दौरान शराब के नशे में एक युवक द्वारा अपनी ही बेटी के साथ मारपीट करने के मामले में बीच बचाव करने आए वृद्ध को धक्का लगने के बाद अस्पताल लाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई। जिसको लेकर परिजनों ने वृद्ध की हत्या करने का आरोप लगाया है वहीं पुलिस ने हार्ट अटैक से वृद्ध की मौत होने का दावा किया है। गुस्साए परिजनों ने सिविल अस्पताल के सामने नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने का प्रयास भी किया जिसे पुलिस और प्रशासन की समझाइस पर समाप्त करना पड़ा।



जानकारी के मुताबिक बड़ामलहरा पुलिस थाना इलाके के सूरजपुरा कलां गांव में भजन चल रहे थे। गांव का पप्पू खंगार शराब के नशे में होकर अपनी मां और बहन के साथ विवाद करने लगा। इस दौरान गांव के ही 68 वर्षीय पुन्ना साहू ने पप्पू खंगार को ऐसा करने से रोकने और बीच बचाव करने का प्रयास किया तो पप्पू खंगार ने पुन्ना साहू को धक्का दे दिया जिससे वह गिर गया। कुछ देर बाद उसने सीने में दर्द होने की शिकायत की तो परिजनों ने आयोडेक्स की मालिस पुन्ना के सीने में की इसके बाद भी दर्द कम नहीं हुआ तो परिजन उसे बड़ामलहरा लेकर आ रहे थे कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बड़ामलहरा टीआई श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया तथा पुन्ना साहू की मौत हार्टअटैक से होना बताया।

उधर परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद शुक्रवार दोपहर से उन्होंने कई बार थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की, लेकिन पुलिस द्वारा अगले दिन सुबह लगभग 10:30 बजे तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई।बताया गया है कि परिजन पप्पू खंगार के खिलाफ हत्या का आरोप दर्ज कराना चाहते थे।

शनिवार को सुबह करीब 9:00 बजे सिविल हॉस्पिटल परिसर में परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा किया, जिससे अस्पताल में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया इसके बाद परिजनों ने बड़ा मलहरा में पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए अस्पताल तिराहे पर आपे वाहन लगाकर नेशनल हाईवे को बाधित करने का प्रयास किया। पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाइश देते हुए नामजद एफआईआर दर्ज करने का भरोसा दिलाया लेकिन परिजन पुलिस पर अविश्वास जताते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन से शिकायत करने की बात कहकर शव को पोस्टमार्टम हेतु छतरपुर ले जाने की बात कहते हुए रवाना हो गए। बताया गया है कि पुलिस ने पप्पू खंगार को हिरासत में लेकर थाने में बैठा लिया प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस की अभिरक्षा में फरियादियों द्वारा मारपीट करने का नाकाम प्रयास किया गया। वहीं परिजनों द्वारा अस्पताल तिराहे पर पुनः अफरा-तफरी फैलाने का प्रयास किया गया।जिसके पश्चात पुलिस द्वारा हल्के बल प्रयोग के द्वारा स्तिथि को नियंत्रण में लिया। पुलिस और प्रशासन की भारी मशक्कत के बाद सबका पोस्टमार्टम करने के लिए परिजन राजी हुए पोस्टमार्टम उपरांत पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

बड़ामलहरा टीआई श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि मृतक के परिजन हत्या का मामला दर्ज करने पर आमादा थे टी के मुताबिक डॉक्टरों द्वारा पन्ना साहू की मौत हार्ट अटैक से बताई गई है पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है साथ ही पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के उपरांत ही पुन्ना साहू की मौत के सही कारणों का पता लग सकेगा।

## पुलिस ने बगैर हेलमेट वालों के काटे चालान

**प्रवेश संवाद घुवारा/बड़ामलहरा.** अनुभाग के पुलिस चौकी घुवारा के सामने वाहन चेकिंग प्वाइंट बना कर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की सख्ती से चेकिंग की है जिसमे बगैर हेलमेट और बिना सीट बेल्ट पहनने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए साथ ही जो हेलमेट लगाकर सफर करते हुए चालक मिले है उनका फूल देकर उनका अभिवादन किया है। टीआई कृपाल मार्को ने बताया है कि हमारे पुलिस अधीक्षक अगम जैन जी के द्वारा यह अभियान सम्पूर्ण जिला में चलाया जा रहा है चेकिंग के दौरान कई वाहनों के चालान काटे गए और संदिग्धों की तलाशी ली गई। यह अभियान कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाया गया था साथ सड़क हादसों में बगैर हेलमेट पहने लोगों को बड़ी समस्याओं से जूझना पड़ता है साथ कई लोगों को जान भी गमानी पड़ती है।



## लापता युवक का ससुराल में पेड़ से लटका मिला शव, सुसाइड नोट में साढ़ू का जिक्र

**प्रवेश संवाद छतरपुर.**

थाना ओरछा रोड अंतर्गत ग्राम मलपुरा निवासी रमेश अहिरवार का शव शनिवार को उसके ससुराल ग्राम खरका के खेत में एक पेड़ से लटका मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक दिल्ली में मजदूरी करता था और मकर संक्रांति पर अपने घर आया था। 15 जनवरी को वह अचानक लापता हो गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने ओरछा रोड थाने में दर्ज कराई थी। शनिवार को परिजनों को सूचना मिली कि रमेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के भाई जगन्नाथ अहिरवार ने बताया कि रमेश अपने ससुराल गया था, जहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद वह संदिग्ध हालात में खेत में बने पेड़ से लटका मिला। परिजनों के अनुसार, मृतक द्वारा आत्महत्या से पूर्व लिखा गया सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि वह आत्महत्या करने जा रहा है और उसके साथ विकास व रज्जू ने मारपीट की है। वहीं, परिजनों ने साढ़ू अमरचंद पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि शव ससुराल के खेत में पेड़ पर मिला है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## पशु जिला अस्पताल में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**प्रवेश संवाद छतरपुर.** जिला पशु चिकित्सालय में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना 17 जनवरी 2026 की है। अस्पताल कार्यालय में सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारी ने देखा कि बगल से लगी चैनल गेट टूटी हुई थी तथा मदर एल्युमिनियम का कवर उखड़ा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सबमर्सिबल पंप चोरी कर लिया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12 हजार रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में पशु चिकित्सालय कार्यालय की ओर से थाना कोतवाली छतरपुर में लिखित शिकायत दी गई है। शिकायत में बताया गया कि अस्पताल परिसर में कई महत्वपूर्ण दवाइयां व सामग्री रखी रहती हैं, जिससे भविष्य में भी चोरी की आशंका बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।



## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का शुभारंभ: जनपद सभागार में हुई महत्वपूर्ण बैठक

**प्रवेश संवाद बक्सवाहा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 12 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक ग्राम विकास पखवाड़ा के रूप में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर कार्यक्रम 12 से 14 जनवरी, विकासखंड स्तर पर 14 से 18 जनवरी तथा सेक्टर एवं ग्राम स्तर पर 14 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के तहत ग्राम स्तर पर चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान, परिवार संपर्क सहित विविध जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्वदेशी व स्वावलंबन, जैविक कृषि एवं गौ-संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कारयुक्त समाज तथा स्वस्थ व नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में शुक्रवार को जनपद पंचायत बक्सवाहा के सभागार में अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि तहसीलदार भरत पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ब्रजगोपाल सोनी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोती यादव, जिला पंचायत सदस्य करन सिंह लोधी, राजकिशोर तिवारी, महेंद्र जैन, कपिल तिवारी सहित विभिन्न पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आशीष ताम्रकार (जिला समन्वयक), देवकीनंदन गंधर्व (नमांकुर संस्था प्रभारी), रामशरण अवस्थी, अमर सिंह यादव, छोटेलाल यादव, गोविंद सेन, कमल किशोर बिरथरे, पुरुषोत्तम दास रजक, कन्हैया लाल लोधी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्य तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर तहसीलदार भरत पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि "ग्राम विकास की अलख किसी एक व्यक्ति की सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प से जन्म लेती है, जो आगे चलकर पूरे गांव की दिशा और दशा बदल देती है।"